Title: Hon?ble Speaker made references to the massive loss of lives due to severe earthquake in Turkey and Syria

REFERENCE BY THE SPEAKER

Loss of lives due to severe earthquake in Turkey and Syria

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, जैसा कि आप जानते हैं कि दिनांक 6 फरवरी, 2023 को तुर्की और सीरिया में बड़े भूकम्प के झटकों से सैकड़ों इमारतें गिर गई हैं और बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु हुई है तथा बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। अभी भी बड़ी संख्या में लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। हम आपदा के समय तुर्की और सीरिया के लोगों के प्रति सहयोग और सहायता के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं। दु:ख की इस घड़ी में हर भारतीय दोनों देशों के प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है। भारत सरकार द्वारा भूकम्प पीड़ितों की राहत के लिए चिकित्सा सामग्री और अन्य सामग्री की पहली खेप तथा एनडीआरएफ की खोज एवं बचाव दल की टीम भी वहां पहुंच गई है। यह सभा तुर्की और सीरिया में आई इस प्राकृतिक आपदा पर गहरा शोक एवं संवेदना व्यक्त करती है।

अब सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन रहेगी ।

12.01 hrs.

The Member then stood in silence for a short while.